टी.आर.ओ. नागपुर

# केस स्टडी-21/2025

जारी तिथि : 20.06.2025

(Ref.: Sr. DME/NGP L. No: NGP/M/LOCO/Case Study/02/2025 on dated 18.06.2025)



डीजल लोको

**घटनाक्रम:** दिनांक 10.06.25 को, गाड़ी संख्या 12655 किमी. नं. 757/42 पर ACP के कारण अचानक रुक गई। ACP को रीसेट करने के बाद, BP प्रेशर 5 किग्रा./सेमी$^2$ तथा AFI शून्य पर आने के बाद भी पूरी ट्रेन के ब्रेक रीलीज नहीं हुए, जिसके कारण ट्रेन स्टार्ट नहीं हो सकी। परिणामस्वरूप, पूरा लोड को मैन्युअली रिलीज करना पड़ा, इस दौरान ट्रेन ब्लॉक सेक्शन में रुकी रही। लोको पायलट ने ट्रेन में ब्रेक लगाने के बाद ब्रेक रिलीज करते समय अनजाने में या गलती से A-9 हैंडल को रन पोजीशन के स्थान पर रिलीज पोजीशन पर रख दिया। जिसके कारण ओवर चार्जिंग फीचर सक्रिय हो गया। एक बार यदि ओवर चार्जिंग फीचर सक्रिय हो गया तो फिर BP प्रेशर को सामान्य होने में लगभग 200 सेकंड का समय लगता है। यदि इस दौरान A-9 की रन स्थिति में किसी कारणवश BP दबाव सामान्य होने से पूर्व या 200 सेकण्ड पूर्ण होने से पूर्व पुनः कम हो जाता है, तो BP दबाव 5 Kg/cm$^2$ तथा AFI शून्य होने के पश्चात भी सम्पूर्ण वाहन के ब्रेक लगे रहते हैं, जिसके कारण लोड जाम रहता है।

**संभावित कारण :**

LP द्वारा ट्रेन में ब्रेक लगाने के बाद ब्रेक रिलीज करते समय अनजाने में या गलती से A-9 हैंडल को रन पोजीशन के स्थान पर रिलीज पोजीशन पर चले जाना।

**उपरोक्त घटना से सबक:-**

**भविष्य में उपरोक्त घटना की पुनरावृत्ति रोकने के लिए, लोको पायलटों को ये सुझाव दिए जाते हैं कि -**

- यदि लोको पर CCB ब्रेक सिस्टम लगा हुआ है और ओवर चार्जिंग सुविधा उपलब्ध है, तो लोड जाम होने की स्थिति में लोको पायलट को ट्रेन के ब्रेक को रिलीज करने के लिए ओवर चार्जिंग सुविधा का उपयोग करना चाहिए। इसके लिए निम्नलिखित प्रक्रिया का अनुपालन करें –
  - ✓ A9 हैंडल को रिलीज पोजीशन पर रखें जिससे BP प्रेशर ओवर चार्ज हो जाएगा।
  - ✓ लगभग 3 - 4 मिनट या BP प्रेशर पुनः 5 Kg/cm$^2$ या पूर्व मात्रा में आने तक प्रतीक्षा करें।
  - ✓ प्रेशर पुनः 5 Kg/cm$^2$ या पूर्व मात्रा में आने पर ही गाडी स्टार्ट करें।

(निखिल सिंह)
वरि.मं.वि.इंजि.(परि.),नागपुर

**नोट:** केस स्टडी केवल कर्मीदल को काउन्सलिंग देने के उद्देश्य से तैयार की गई है, इसे काउन्सलिंग के अलावा किसी अन्य उद्देश्य के लिए मान्य नहीं होगा।

सभी मुख्य लोको निरीक्षक/मुख्य लोको नियंत्रक उपरोक्त निर्देशों को सभी लोको रनिंग कर्मचारियों को अवगत कराएं एवं कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें।